**डा. संजय गर्ग**
*निदेशक/ प्रथम सचिव*
फोन: +7-7172-449884 (कार्यालय)

स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र,
भारत का राजदूतावास,
नूर-सुल्तान (कज़ाखस्तान)

न. AST/ICC/07/2019

2 April 2019

विषय: कजाखस्तान के हिंदी अध्यापकों के लिये पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

प्रिय प्रो. शर्मा,

आपके पत्र सं. 18-56/2018-19 दिनांक 25 मार्च 2019 द्वारा अलमाटी स्थित अल-फराबी कजाक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी केंद्र में कार्यरत तीन अध्यापकों हेतु दिनांक 15-24 जुलाई 2019 के मध्य दिल्ली व आगरा में आयोजित होने वाले हिंदी के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग के प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त हुई है। धन्यवाद।

उक्त विश्वविद्यालय के संकाय प्रमुख से प्राप्त पत्र सं. 1-17-531, दिनांक 27 मार्च 2019 (प्रति संलग्न है) द्वारा दो अन्य अध्यापकों के नाम जुलाई 2019 में होने वाले पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु प्राप्त हुये हैं जिनको को राजदूत महोदय के अनुमोदन के पश्चात आपको अग्रेषित किया जा रहा है:

1. सुश्री ओस्पान नजैम, व
2. सुश्री पइर्नकुलोवा मेरुयर्त.

इन दोनों अध्यापकों के भी बायोडाटा आपको भेजे जा रहे हैं। कृपया उक्त पाठ्यक्रम में इनके भी प्रवेश की स्वीकृति यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें ताकि ये लोग भी अपने अन्य तीन साथियों के साथ ही अपने टिकट इत्यादि की यथासमय व्यवस्था करवा सकें।

सादर,

(डा. संजय गर्ग)

प्रति,
प्रो. बीना शर्मा
कुलसचिव,
केंद्रीय हिन्दी संस्थान,
आगरा - 282005
ईमेल: registrarofficekhs1960@gmail.com; direcorofkhs@yahoo.co.in